भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2700 का उत्तर

काजीपेट, तेलंगाना में एकीकृत रेल डिब्बा कारखाना

2700. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा शुरू की गई रेल डिब्बा कारखना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की अनुसूची 13 के अंतर्गत काजीपेट में एकीकृत रेल डिब्बा कारखाना स्थापित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने काजीपेट में रेल डिब्बा कारखना के लिए 40 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे परन्तु बाद में इसका अन्यत्र उपयोग किया और लातूर, महाराष्ट्र के लिए रेल डिब्बा कारखाना बनाने की घोषणा की; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) रेल डिब्बा कारखानों की स्थापना रेलवे की चल स्टॉक की समग्र आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए की जाती है। वर्तमान में, मौजूदा उत्पादन इकाइयां और पहले से निकट भविष्य में रेलवे की चल स्टॉक संबंधी समग्र आवश्यकता को पूरा करने के लिए नियोजित इकाइयां पर्याप्त हैं।

भारतीय रेल ने काजीपेट, तेलंगाना में 521.36 करोड़ रुपये की लागत वाली एक रेल विनिर्माण इकाई को विकसित करने की योजना बनाई है जो विभिन्न प्रकार के आधुनिक रेल स्टॉक का विनिर्माण और अनुरक्षण करने में सक्षम होगी। 31 मार्च, 2024 तक, इस कार्य पर पहले ही 190.88 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। इसके अलावा, 2024-25 में इस कार्य के लिए 150 करोड़ रुपये की निधि का आबंटन किया गया है।

****